**राज्यपाल सचिवालय**
**राजभवन, जयपुर**

**अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर राज्यपाल श्री मिश्र का संदेश**

**प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने के लिए कार्य करें- राज्यपाल**

जयपुर, 7 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों से अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस (8 सितम्बर) के अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता, सतत शिक्षा, जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल सहित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समन्वित और समग्र प्रयास किए जाने पर बल दिया है।

------